फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

प्रार्थी :– होमाराम पुत्र सुखाराम –::बनाम::– अप्रार्थी :– तहसीलदार

किस्म मुकदमा :– राजस्व वाद, नम्बर :– 118 / 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	प्रार्थी उपस्थित। राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कलां में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136 RT Act. के तहत् पेश किया। वादी का दावा दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–रानीवाल में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 307, 308, 323, 309 में प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी की भूमि हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम सोमाराम पुत्र सुखा, शोभाराम पुत्र सुकाराम दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में होमाराम पुत्र सुखाराम हैं, प्रार्थी ने अपना नाम सोमाराम पुत्र सुखा, शोभाराम पुत्र सुकाराम के स्थान पर होमाराम पुत्र सुखाराम शुद्ध किये जाने का निवेदन किया हैं। प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कला में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें खाता संख्या 250, 165 संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। जिसमें प्रार्थी का नाम सोमाराम पुत्र सुखा, शोभाराम पुत्र सुकाराम दर्ज है जबकि प्रार्थी के अन्य सभी दस्तावेजात में होमाराम पुत्र सुखाराम दर्ज हैं, प्रार्थी का नाम सोमाराम पुत्र सुखा, शोभाराम पुत्र सुकाराम के स्थान पर होमाराम पुत्र सुखाराम शुद्ध किये जाने की अभिशंषा की हैं। अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा–रानीवाल बैड़कला पटवार हल्का बैड़कला में स्थित कृषि भूमि खाता संख्या 250, 164 में प्रार्थी के नाम की त्रुटिपूर्ण एवं अशुद्ध प्रविष्टि सोमाराम पुत्र सुखा, शोभाराम पुत्र सुकाराम को विलोपित करते हुये इसके स्थान पर खातेदार का सही एवं वास्तविक नांम “ होमाराम पुत्र सुखाराम ” दर्ज करते हुये तहसीलदार जैतारण को इसी अनुरूप भू–अभिलेख अमलदरामद किये जाने हेतु निर्देशित किया जाता हैं, अन्य प्रविष्टियां यथावत रहेगी। आदेश की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील जाब्ती पत्रावली दाखिल दफ्तर/लेख्य भण्डार जमा हो। (श्याम सुन्दर बिश्नोई) SDO उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर जैतारण (पाली)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 12:13:52 IST
Reason: SelfAttested